Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding Setting up of a cancer treatment hospital in Salempur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर): महोदय, मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र सलेमपुर के अलावा आसपास के 20 जिलों की गंभीर समस्या की ओर दिलाना चाहता हूं । महोदय, केंद्र सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रयासों के कारण आम जनमानस को काफी सहूलियतें प्राप्त हो रही हैं । मैं इसके लिए परम श्रद्धेय प्रधान मंत्री जी व उत्तर प्रदेश के परम श्रद्धेय मुख्यमंत्री जी तथा केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जी के प्रति आभार प्रकट करता हूं ।

महोदय, मैं सदन के माध्यम से माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र तथा पूर्वांचल के अन्य जिलों में कैंसर रोगियों की संख्या में वृद्धि की ओर दिलाना चाहता हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र सलेमपुर के आसपास के 20 जिलों में कैंसर रोग का प्रकोप विगत कई सालों से बड़ी तेजी से फैल है । यह एक जानलेवा बीमारी है, जिसका समय पर जांच व उपचार न होने के कारण मरीज की मौत हो जाती है । इसलिए स्थानीय स्तर पर जांच और आधुनिक उपचार की अत्यंत आवश्यकता है ।

अतः मैं सदन के माध्यम से केंद्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र सलेमपुर में केंद्रीय सहायता से एक कैंसर संस्थान की स्थापना की जाए, जिससे यहां के रोगियों को जांच एवं उपचार हेतु दिल्ली, मुम्बई अथवा अन्य शहरों में न जाना पड़े ।